राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा भोपाल में शहरी प्राधिकरण के अधिकारियों, ऋणदाताओं के लिये हरित आवास पर प्रशिक्षण

सनरेफ इंडिया कार्यक्रम के तहत आयोजित हरित किफायती आवास पर प्रशिक्षण

भोपाल, 22 अक्टूबर, 2021: राष्ट्रीय आवास बैंक (रा.आ.बैंक) जो कि आवास हेतु देश में शीर्ष वित्तीय संस्थान है, ने द्वारा भारत में प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग एवं ऊर्जा दक्ष आवास वित्त (सनरेफ) इंडिया कार्यक्रम के क्षमता निर्माण एवं लोगों को जागरुक करने की पहल के अंतर्गत 21-22 अक्टूबर को शहर में भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) के अधिकारियों तथा प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों (पीएलआई) के प्रतिनिधियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम को फ्रांस विकास एजेंसी से €100 मिलियन की ऋण व्यवस्था एवं यूरोपीय संघ से €12 मिलियन के अनुदान का समर्थन प्राप्त है। यह भारत में बैंकों एवं आवास वित्त कंपनियों को हरित तथा किफायती आवास परियोजनाओं हेतु उधार देने और निवेश करने के लिए तकनीकी सहायता और ऋण प्रदान करता है।

प्रशिक्षण का पहला दिन बीडीए अधिकारियों के लिए था। दूसरे दिन प्रशिक्षण भोपाल स्थित अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों एवं आवास वित्त कंपनियों सहित पीएलआई की स्थानीय शाखा कार्यालयों के प्रतिनिधियों के लिए आयोजित किया गया था। सत्र में 50 से अधिक सहभागियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय आवास बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय के सहयोग से प्रशिक्षण सत्र भोपाल में आयोजित किया गया था। क्षेत्रीय प्रतिनिधि कार्यालय प्रभारी श्री वैभव रामटेके, क्षेत्रीय प्रबंधक ने हरित आवास पर जोर दिया। कार्यक्रम में श्री सुभाष, क्षेत्रीय प्रबंधक, राष्ट्रीय आवास बैंक ने भी बैंक की "गो ग्रीन पहल" पर विचार-विमर्श किया।

श्री बुद्धेश कुमार वैद्य, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बीडीए, प्रशिक्षण कार्यक्रम के अतिथि वक्ता, ने हरित आवास, पर्यावरण एवं सामाजिक अनुपालन को एकीकृत करने तथा भवन निर्माण पद्धतियों में हरित तकनीकों को अपनाने के महत्व और लाभों पर प्रकाश डाला।

प्रशिक्षण सत्र में तकनीकी अवधारणाओं को शामिल किया गया तथा अधिकारियों को उनकी निर्माण पद्धति में हरित तकनीकों को शामिल करने में सक्षम बनाने हेतु हरित किफायती आवास पर जागरुक किया गया। प्रशिक्षकों ने हरित भवन निर्माण में उपयोग की जाने वाली विभिन्न तकनीकों एवं सामग्रियों के बारे में विस्तार से बताया। सनरेफ कार्यक्रम के तहत पुनर्वित्त प्राप्त करने के लिए पीएलआई द्वारा आवेदन की पूरी प्रक्रिया प्रवाह को सविस्तार से बताया गया।

श्री कुशल पाल, प्रबंध निदेशक, सेंट बैंक होम फाइनेंस लि., पीएलआई प्रशिक्षण सत्र के अतिथि वक्ता, ने समाज के एक बड़े वर्ग को जागरुक करने के लिए हरित किफायती आवास को बढ़ाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। उन्होंने पर्यावरण, सामाजिक एवं अभिशासन (ईएसजी) कारकों के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

प्रशिक्षण के माध्यम से प्रवर्तकों, उपयोगकर्ताओं और अन्य हितधारकों के लिए विभिन्न आर्थिक एवं ईएसजी लाभों जैसे पानी की कम खपत, एवं ऊर्जा का कम उपयोग तथा ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी आदि के विषय में अवगत कराया गया।